## प्रेस नोटःदिनाक 13.07.2022 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर

## यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान, पी0ए0सिस्टम व पम्पलेट के माध्यम से यातायात जागरूकता से सम्बन्धित प्रचार प्रसार किया गया।

आज दिनांक 13.07.2022 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अमित कुमार आनन्द के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश चन्द्र रावत के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राणा महेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात श्री अमरेश कुमार यादव मय यातायात पुलिस टीम द्वारा पी0ए0 सिस्टम व पम्पलेट के माध्यम से सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, आदि स्थानों पर यातायात जागरूकता से सम्बन्धित प्रचार-प्रसार किया गया तथा वाहन चेकिंग के दौरान खतरनाक तरीके से ड्राइविंग / स्टंट बाइकिंग व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों व सड़क पर नियम विरूद्ध तरीके से खड़े वाहनों तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 38 वाहनों से 47500/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

## प्रेस नोट दिनांक- 13-07-2022

## पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष महिला थाना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

आज दिनांक 13.07.2022 को श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया, महोदय द्वारा थाना कार्यालय/आगन्तुक कक्ष व सीसीटीएनएस/साइबर/महिला हेल्प डेस्क/महिला परामर्श केन्द्र-नई किरण के रजिस्टर इत्यादि का गहनता से निरीक्षण किया गया एवं थाना परिसर में घूमकर चेकिंग किये | शिकायत प्रकोष्ठ एवं महिला परामर्श केन्द्र-नई किरण के रजिस्टर को चेक कर, व फीडबैक के संबंध में महोदय द्वारा सराहना किया गया | इसके अतिरिक्त महिला हॉस्टल/बैरक का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया | निगरानी, पैदल गश्त आदि के संबंध में श्रीमती मीरा चौहान थानाध्यक्ष, महिला थाना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए |

## प्रेस नोट- थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर दिनांक 13.07.2022

## थाना बांसी पुलिस द्वारा अवैध गांजा संग 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्री अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, श्री देवी गुलाल क्षेत्राधिकारी बांसी महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री भानु प्रताप सिंह थानाध्यक्ष थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 13.07.2022 को उ0नि0श्री पप्पू कुमार गुप्ता व पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को अवैध 700 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 184/ 22 धारा 8/ 20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभि0का विवरण

1.महेंद्र यादव पुत्र बधाई निवासी छितौना थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

बरामदगी का विवरण

1. अभि0 महेंद्र उपरोक्त के कब्जे से 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

1.उ0नि0 पप्पू कुमार गुप्ता थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

2.श्री आनंद कुमार थाना कोतवाली वासी जनपद सिद्धार्थनगर

3.कांस्टेबल श्यामसुंदर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

4.कांस्टेबल गणेश कुमार सिंह थाना कोतवाली गांधी जनपद सिद्धार्थनगर

5.कांस्टेबल अरविंद मद्धेशिया थाना कोतवाली काशी जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोटःदिनांक 13.07.2022 थाना- जोगिया उदयपुर

थाना जोगिया उदयपुर द्वारा 01 नफर अभियुक्त व 03 नफर बाल अपचारी को किया गिरफ्तार।

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री देवी गुलाम, क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में श्री दिनेश कुमार सरोज, थानाध्यक्ष थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 87/2022 धारा 376/511/506/306 भादवि व 11/12 पोक्सो एक्ट की घटना से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जिला कारागार सिद्धार्थनगर एवं घटना में नामजद 03 बाल अपचारियों को संरक्षण में बाल सुधार गृह, बस्ती भेजा गया।

घटना के 36 घण्टे के अन्दर ही पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से जनसामान्य के द्वारा पुलिस टीम को बधाईयाँ दी जा रही हैं।

**नाम पता अभियुक्त**

गोलू उर्फ महबूब हसन पुत्र मो0 अक्सर साकिन जोगिया उदयपुर थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर (उम्र 20 वर्ष)।

**उपरोक्त सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस टीम का विवरण :**

1. उप-निरीक्षक श्री दिनेश कुमार सरोज, थानाध्यक्ष थाना जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।
2. उ0नि0 श्री राजेश कुमार शुक्ला, थाना जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।
3. उ0नि0 श्री इशान्शु श्रीवास्तव, थाना- जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।
4. हे०कां० सत्यदेव, थाना- जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।
5. आरक्षी रमाशंकर यादव, थाना- जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।
6. आरक्षी जवाहिर प्रजापति, थाना जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।
7. आरक्षी आयुष विश्वकर्मा, थाना- जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।